# आईसीसी अंडर-19 क्रिकेट विश्व कप विजेताओं की सूची
# (वर्ष 1988 से अब तक)

**अंडर-19 क्रिकेट विश्व कप का इतिहास:**

आईसीसी अंडर-19 क्रिकेट विश्व कप एक अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट टूर्नामेंट है, यह प्रतियोगिता विश्व की 16 देशों की अंडर-19 टीमों के बीच खेला जाता है, जिसका आयोजन हर दो साल में आईसीसी द्वारा किया जाता है। साल 1988 में यूथ वर्ल्ड कप के रूप में पहली बार इसका आयोजन किया गया था। टूर्नामेंट के पहले संस्करण में केवल आठ टीमों ने हिस्सा लिया था।

**वर्तमान चैंपियन** भारत (2018)

| | |
|---|---|
| **प्रशासक** | अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद |
| **प्रतियोगिता का स्वरूप** | 50 ओवर |
| **स्थापना वर्ष** | 1988 |
| **सबसे सफल टीम** | भारत (4 बार) |
| **सर्वाधिक रन** | इयोन मॉर्गन (606 रन) |
| **सर्वाधिक विकेट** | मोइसेस हेनरिक्स व ग्रेग थॉम्पसन (27 विकेट) |

**आईसीसी अंडर-19 क्रिकेट विश्व कप 2018:**

आईसीसी अंडर-19 क्रिकेट विश्व कप 2018 का आयोजन 13 जनवरी से 03 फरवरी 2018 तक न्यूजीलैंड में किया गया। यह अंडर-19 क्रिकेट विश्व कप का बारहवां संस्करण है। न्यूज़ीलैंड तीन बार अंडर-19 क्रिकेट विश्व कप प्रतियोगिता की मेजबानी करने वाला पहला देश है। साल 2018 से पहले वर्ष 2002 और 2010 में भी न्यूज़ीलैंड अंडर-19 क्रिकेट विश्व कप प्रतियोगिता की मेजबानी कर चुका है।

**किस टीम ने सबसे ज़्यादा बार अंडर-19 क्रिकेट विश्व कप का ख़िताब (ट्राफी) जीता है?**

भारतीय क्रिकेट टीम ने 4 बार अंडर-19 क्रिकेट विश्व कप की ट्रॉफी उठाई है। टीम इंडिया इस खिताब को सबसे ज़्यादा बार जीतने वाली टीम है। भारत ने मुहम्मद कैफ (2002), विराट कोहली (2008) और उन्मुक्त चंद (2012) और पृथ्वी शॉ (2018) की कप्तानी मे ये खिताब अपने नाम किया है।भारत के बाद सबसे ज़्यादा बार अंडर 19 विश्व कप ऑस्ट्रेलिया की टीम ने जीता है।

ऑस्ट्रेलिया की टीम ने 3 बार इस ट्रॉफी को उठाया है। ऑस्ट्रेलिया ने साल 1988, 2002 और 2010 में अंडर-19 विश्व कप खिताब जीता था। पाकिस्तान ने 2 बार और इंग्लैंड, दक्षिण अफ्रीका और वेस्टइंडीज ने एक-एक बार इस प्रतियोगिता को जीता है।

**आईसीसी अंडर-19 विश्व कप 2018 किसने जीता है?**

न्यूज़ीलैंड में आयोजित आईसीसी अंडर-19 क्रिकेट विश्व कप 2018 का ख़िताब भारत ने जीता है। भारत ने बे ओवल मैदान पर खेले गए फाइनल मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया को आठ विकेट से हराकर खिताब अपने नाम कर लिया। इस विश्व कप को जीतते ही भारत ने सबसे ज्यादा बार अंडर-19 विश्व कप जीतने का विश्व रिकॉर्ड भी बना दिया। भारत ने चौथी बार इस प्रतियोगिता को जीता है। आइये जाने आईसीसी अंडर-19 क्रिकेट विश्व कप के आयोजन वर्ष, स्थल, विजेता व उप-विजेता देशों के बारे में।

**वर्ष 1988 से अब तक आईसीसी अंडर-19 क्रिकेट विश्व कप विजताओं की सूची:**

| **वर्ष** | **आयोजन स्थल** | **विजेता टीम** | **उप-विजेता टीम** |
|---|---|---|---|
| 1988 | ऑस्ट्रेलिया | ऑस्ट्रेलिया | पाकिस्तान |
| 1998 | दक्षिण अफ्रीका | इंगलैंड | न्यूज़ीलैंड |
| 2000 | श्रीलंका | भारत | श्रीलंका |
| 2002 | न्यूज़ीलैंड | ऑस्ट्रेलिया | दक्षिण अफ्रीका |
| 2004 | बांग्लादेश | पाकिस्तान | वेस्टइंडीज |
| 2006 | श्रीलंका | पाकिस्तान | भारत |
| 2008 | मलेशिया | भारत | दक्षिण अफ्रीका |
| 2010 | न्यूज़ीलैंड | ऑस्ट्रेलिया | पाकिस्तान |
| 2012 | ऑस्ट्रेलिया | भारत | ऑस्ट्रेलिया |
| 2014 | संयुक्त अरब अमीरात | दक्षिण अफ्रीका | पाकिस्तान |
| 2016 | बांग्लादेश | वेस्टइंडीज | भारत |
| 2018 | न्यूज़ीलैंड | भारत | ऑस्ट्रेलिया |
| 2020 | दक्षिण अफ्रीका | – | – |
| 2022 | वेस्टइंडीज | – | – |